

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

"खुद की तरक्की में इतना वक़्त लगा दो ! कि किसी दूसरे की बुराई करने का वक़्त न मिले !!"

मंगलवार 07 अप्रैल 2026 वर्ष 02 अंक 94 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# 16 वीं सब जूनियर मेन नेशनल चौम्पियनशिप 2026

**– हॉकी पंजाब और हॉकी चंडीगढ़ ने डिवीजन 'ए', पूल ए मैच में 1–1 से ड्रॉ खेला – हॉकी झारखंड ने डिवीजन 'ए', पूल बी मैच में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 8–1 से हराया – उत्तर प्रदेश हॉकी ने डिवीजन 'ए', पूल सी मैच में हॉकी हरियाणा को 4–0 से हराया – हॉकी मध्य प्रदेश ने डिवीजन 'ए', पूल डी मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 6–4 से हराया – दिल्ली हॉकी ने डिवीजन 'बी', पूल ए मैच में हॉकी उत्तराखंड को 9–2 से हराया – तेलंगाना हॉकी ने डिवीजन 'बी', पूल ए मैच में हॉकी बंगाल को 6–2 से हराया – हॉकी कर्नाटक ने डिवीजन 'बी', पूल बी मैच में हॉकी बिहार को 2–1 से हराया – हॉकी अरुणाचल प्रदेश ने डिवीजन 'बी', पूल बी मैच में हॉकी हिमाचल को 15–2 से हराया**

**केशववाणी रानी सिन्हा /शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर (नालंदा)।** राजगीर खेल अकादमी में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप 2026 के छठे दिन कई हाई–स्कोरिंग मैच हुए। डिवीजन श्एश में उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी झारखंड ने जीत हासिल की, जबकि डिवीजन श्बीश में दिल्ली हॉकी, तेलंगाना हॉकी, हॉकी कर्नाटक और हॉकी अरुणाचल प्रदेश ने जीत हासिल की। डिवीज़न 'ए', पूल बी के मैच में, हॉकी झारखंड ने हॉकी यूनिट ऑफ़ तमिलनाडु को 8–1 से हराया। जीतने वाली टीम के लिए, जयसन कंडुलना (11′, 49′) ने दो गोल किए, जबकि संजीत भेंगरा (15′), सुखू गुरिया (45′), करण कुमार (8′), सुनील भेंगरा (35′), अर्पण पन्ना (41′), और तानी आशीष पूर्ति (2′) ने एक–एक गोल किया। तमिलनाडु के लिए संजय (53′) अकेले गोल करने वाले खिलाड़ी थे। डिवीज़न 'ए', पूल सी के मैच में, उत्तर प्रदेश हॉकी ने नीतीश यादव (10′), प्रहलाद रा. जबहार (37′), शाहरुख अली (50′), और कप्तान केतन कुशवाहा (56′) के गोल की मदद से हॉकी हरियाणा को 4–0 से हराया। डिवीज़न 'ए', पूल डी के मैच में, हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ़ ओडिशा को 6–4 से हराया। जीतने वाली टीम के लिए, कप्तान अंश बहुता (12′, 19′) और सिद्धार्थ बेन (9′, 49′) दोनों ने दो–दो गोल किए, जबकि गौतम करण (37′) और यूआई रेयान हक (58′) ने एक–एक गोल किया। हारने वाली टीम के लिए, दीपक टोप्पो (34′, 60′) ने दो गोल किए, जबकि विंसेटी टिर्की (15′) और अभिनास लाकड़ा (53′) ने एक–एक गोल किया। इस बीच, डिवीज़न 'ए', पूल ए में, हॉकी पंजाब और



हॉकी चंडीगढ़ ने कड़ा मुकाबला खेला, जिसमें पंजाब के लिए सनमुख सिंह (15′) ने गोल किया और चंडीगढ़ के लिए अर्जनदीप सिंह (20′) ने बराबरी की।डिवीज़न 'बी', पूल ए में, दिल्ली हॉकी ने हॉकी उत्तराखंड को 9–2 से हराया, जिसमें सिद्धार्थ (2′, 44′, 45′) और आर्यन (20′, 26′, 33′) की हैट्रिक की मदद से जीत मिली। सुशांत सेहरावत (32′, 52′) ने दो और हितेश कटारिया (4′) ने एक गोल किया। उत्तराखंड के लिए गोविंद सिंह (42′) और विक्की बोहरा सिंह (51′) ने गोल किए। दूसरे डिवीज़न 'बी', पूल ए मुकाबले में, तेलंगाना हॉकी ने हॉकी बंगाल को 6–2 से हराया। अमित दयाल (24′, 36′, 44′, 51′) ने चार गोल करके टीम को लीड किया, जबकि कप्तान यासिथ जला सूर्या (58′) और हर्ष कुमार (23′) ने एक–एक गोल किया। डिवीज़न 'बी', पूल बी में, हॉकी कर्नाटक ने राजेश प्रतीक यारकल (15′, 33′) के दो गोल की बदौलत हॉकी बिहार को 2–1 से हराया। बिहार के लिए कप्तान अभय शाह (6′) ने एकमात्र गोल किया।





# अस्मिता नेशनल लीग हॉकी 2026 (महिला) में हिस्सा लेगा बिहार

## 14 से 20 अप्रैल तक ग्वालियर में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए बिहार किया क्वालिफाई

**बिहार टीम की खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल 8 अप्रैल को राजगीर खेल अकादमी में होगा**

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आगामी 14 से 20 अप्रैल तक ग्वालियर में आयोजित होने वाली अस्मिता नेशनल लीग हॉकी (महिला) 2026 में बिहार की टीम भी हिस्सा लेगी। यह बिहार के लिए गर्व और खुशी का विषय माना जा रहा है। प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि हॉकी इंडिया द्वारा सूचना दी गई है कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए बिहार ने सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली न्यायालय के निर्देशानुसार बिहार महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों का चयन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा ही किया जाएगा। इसी क्रम में चयन ट्रायल का आयोजन 8 अप्रैल को सुबह 7 बजे राजगीर खेल अकादमी के हॉकी मैदान में किया जाएगा। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगी, जिनका जन्म 1 जनवरी 2006 के बाद हुआ है। चयनित खिलाड़ी ग्वालियर में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# नालंदा में एनआईए–एटीएस की बड़ी कार्रवाई, पीके गन हाउस में 8 घंटे तक छापेमारी, दस्तावेज जब्त

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले के बिहारशरीफ स्थित पोस्ट ऑफिस मोड़ के पास पीके गन हाउस में सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की संयुक्त टीम ने करीब आठ घंटे तक सघन छापेमारी की। यह कार्रवाई सुबह लगभग 5 बजे शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चली। छापेमारी के दौरान टीम ने गन हाउस से मा. `बाइल फोन, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य कागजात जब्त किए और अपने साथ लेकर चली गई। बताया जा रहा है कि टीम ने गन हाउस के साथ–साथ संचालक रामप्रवेश के आवास और अन्य संबंधित ठिकानों पर भी तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार, इससे पहले बिहारशरीफ शहर, सोहसराय थाना क्षेत्र और भागन बीघा थाना क्षेत्र में अवैध हथियार और कारतूस को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है। वहीं कैमूर जिले के मोहनिया से भी भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए थे। इन्हीं मामलों में मिले इनपुट के आधार पर एनआईएऔर एटीएस को संदेह हुआ कि अभी भी अवैध हथियारों की खरीद–बिक्री जारी है, जिसके बाद यह छा. पेमारी की गई। इस संबंध में मोहम्मद शेख साबिर (डीएसपी, एटीएस) ने बताया कि पूर्व में हथियार और कारतूस की खरीद–बिक्री को लेकर कार्रवाई की गई थी, उसी कड़ी में मिले इनपुट के आधार पर पुनः छापेमारी की गई है। हालांकि, जांच एजेंसियों के अधिकारी फिलहाल इस मामले में आधिकारिक रूप से कुछ भी कहने से बच रहे हैं।



वहीं छापेमारी के बाद पीके गन हाउस के संचालक ने विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और एजेंसियां जब्त दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई हैं।



# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस– नालंदा में भव्य कार्यक्रम नेताओं ने दोहराया संगठन मजबूत करने का संकल्प




**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर नालंदा जिले में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पटना से पहुंचे नवल किशोर यादव (विधान परिषद सदस्य), बिहारशरीफ विधानसभा के विधायक डॉ. सुनील कुमार तथा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन और ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, सहोदेवी, शैलेंद्र कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, जिला मंत्री प्रवीण कुमार, मुख्यालय प्रभारी गोपाल जी, भाजपा नेता सोनू कुमार, हिंदू सुभाष कुमार, धनंजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस पर उसके सिद्धांतों और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। साथ ही संगठन को और मजबूत करने तथा जनसेवा के कार्यो को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




# अंतरराष्ट्रीय पैराशूटर संजीव कुमार गिरि का पटना में अभिनंदन, 'हौसलों की राइड' से दे रहे युवाओं को प्रेरणा

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा /रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय पैराशूटर संजीव कुमार गिरि का भव्य अभिनंदन किया गया। वे अपनी प्रेरणादायक 'हौसलों की राइड' यात्रा के दौरान पाटलिपुत्र खेल परिसर पहुंचे। प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने अंगवस्त्र और बोधि वृक्ष के प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि संजीव कुमार गिरि, पूर्व सैन्य अधिकारी गणेशानंद गिरि के पुत्र हैं और वर्तमान में चेन्नई में भारतीय सांख्यिकी एवं लेखा विभाग में ऑडिटर के पद पर कार्यरत हैं। साथ ही वे पैराशूटिंग खेल में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेढ़ दर्जन से अधिक पदक जीत चुके हैं। बताया गया कि 'हौसलों की राइड' यात्रा की शुरुआत उन्होंने नई दिल्ली से की है। इस यात्रा के तहत वे एक विशेष वाहन से चार राज्योंकृदिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहारकृके विभिन्न जिलों से गुजरते हुए करीब तीन हजार किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं। इस दौरान संजीव कुमार गिरि ने प्राधिकरण के अधिकारियों, कर्मचारियों,




प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों के बीच अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, साथ ही पैराशूटिंग जैसे खेल को पहचान दिलाना भी है। उन्होंने कहा, "सीमाएं शरीर में नहीं, बल्कि हमारी सोच में होती हैं।" उन्होंने अपने लक्ष्य का जिक्र करते हुए बताया कि वे पैरालंपिक और एशियन गेम्स में देश के लिए पदक जीतना चाहते हैं। साथ ही युवाओं से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा गया और सभी ने संजीव कुमार गिरि की उपलब्धियों से प्रेरणा ली।



## नियमित हुई पलामू एक्सप्रेस – अधूरी सुविधाओं से यात्रियों में असंतोष

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजगीर से खुलने वाली स्पेशल पलामू एक्सप्रेस नये ट्रेन नंबर के साथ सोमवार से नियमित रूप से संचालित होने लगी है। राजगीर से पटना के बीच यह ट्रेन पहले के स्टेशनों पर ही ठहराव के साथ उसी समय से चलेगी। पटना से आगे यही रैक पलामू एक्सप्रेस बनकर बरकाकाना की ओर रवाना होगी। इसकी औपचारिक शुरुआत सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। सोमवार को यह ट्रेन अपने समय से 15 मिनट की देरी से खुली। सांसद ने कहा कि ट्रेन सेवा आम जनता के लिए काफी लाभ: ाकारी सिद्ध होगी। इससे राजगीर, नालंदा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को झारखंड तक बेहतर और सुगम रेल संपर्क उपलब्ध होगा। उन्होंने इसे क्षेत्रीय विकास के साथ–साथ यात्रियों की सुविधा में वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। हालाकि इस नयी व्यवस्था से स्थानीय लोगों में असंतोष देखा गया। यात्रियों का कहना है कि रेलवे को नया ट्रेन नंबर जारी करने के बजाय पहले से चल रही पलामू एक्सप्रेस के नंबर के आगे से '0' स्पेशल टैग हटाकर ही इसे नियमित कर देना चाहिए था। उनका मानना है कि इससे यात्रियों को भ्रम की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता और पुरानी पहचान भी बरकरार रहती। सबसे बड़ी समस्या आरक्षण व्यवस्था को लेकर सामने आ रही है। यात्रियों का कहना है कि राजगीर, नालंदा और बिहारशरीफ जैसे प्रमुख स्टेशनों से पलामू एक्सप्रेस के लिए रिजर्वेशन की सुविधा सुलभ नहीं है। ऐसे में झारखंड जाने वाले यात्रियों को पटना से टिकट बुक कराना पड़ रहा है। इसमें समय और पैसे दोनों की दृष्टि से असुविधाजनक साबित हो रहा है। इतना ही नहीं राजगीर, नालंदा और बिहारशरीफ से पार्सल बुकिंग भी पटना से आगे संभव नहीं है। स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि यदि ट्रेन सेवा का उद्देश्य वास्तव में जनहित में सुविधा प्रदान करना है, तो सभी प्रमुख स्टेशनों से आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। वर्तमान व्यवस्था न केवल यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है, बल्कि इससे रेलवे को भी अपेक्षित राजस्व प्राप्त नहीं हो पायेगा। लोगों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाय। साथ ही राजगीर सहित आसपास के स्टेशनों से भी आरक्षण सु. विधा सुनिश्चित की जाए, ताकि इस नई ट्रेन सेवा का वास्तविक लाभ क्षेत्र की जनता को मिल सके और यह पहल पूरी तरह सफल हो सके। इस मौके पर नगर परिषद की सभापति जीरो देवी, जदयू के जिला उपाध्यक्ष सुवेन्द्र राजवंशी, स्टेशन प्रबंधक सहित अन्य शामिल थे।

# राजगीर रोपवे मंगलवार सुबह रहेगा बाधित एनडीआरएफ के साथ होगा मॉक ड्रिल

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राजगीर में मंगलवार को रोपवे सेवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी। यह निर्णय किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत लिया गया है। रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह 8रू30 बजे से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम के साथ एक विशेष मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान सुबह से लेकर करीब 12 बजे तक, या मॉक ड्रिल के पूर्ण होने तक, पर्यटकों की आवाजाही पर रोक रहेगी। इस अभ्यास की पूर्व तैयारी के तहत सोमवार शाम 5 बजे रोपवे परिसर में एनडीआरएफ और प्रबंधन के बीच 'टेबल टॉक' बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें रेस्क्यू ऑपरेशन की विस्तृत रूपरेखा तय की जाएगी। गौरतलब है कि राजगीर रोपवे रत्ना. गिरी पहाड़ी पर स्थित भारत के सबसे पुराने और प्रसिद्ध चेयरलिफ्ट रोपवे में से एक है, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्व शांति स्तूप तक पहुंचाता है। यहां से पर्यटक पहाड़ियों और पंत वन्यजीव अभ्यारण्य के मनोरम दृश्य का आनंद लेते हैं।




वर्तमान में यहां आधुनिक 8–सीटर केबिन रोपवे (केबल कार) की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसकी ऑनलाइन बुकिंग बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। स्थानीय प्रशासन और रोपवे प्रबंधन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे इस सुरक्षा अभ्यास के महत्व को समझते हुए सहयोग करें और मंगलवार को सुबह 11रू30 बजे के बाद ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं। मॉक ड्रिल के बाद रोपवे सेवा को पुनः सामान्य रूप से शुरू कर दिया जाएगा।

# नालंदा विश्वविद्यालय और साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के बीच शैक्षणिक एवं शोध सहयोग हेतु समझौता

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय में नालंदा विश्वविद्यालय और साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के बीच शैक्षणिक एवं शोध कार्यक्रमों के विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रोफेसर केके अग्रवाल और नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रा. `फेसर सचिन चतुर्वेदी ने हस्ताक्षर किए। प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि यह साझेदारी दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक और शोध संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगी। इससे विद्यार्थियों के लिए विकास के व्यापक अवसर खुलेंगे। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने इस सहयोग को एक नई और प्रभावशाली शुरुआत बताते हुए कहा कि इसका मूल उद्देश्य दोनों संस्थानों की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपराओं का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच साझा विकास के कई द्वार खोलेगा। इनमें संयुक्त शोध निर्देशन और शिक्षण कार्यक्रम, पोस्ट–डॉक्टोरल अवसर, संगोष्ठी, सम्मेलन और शोध पत्रों का प्रकाशन शामिल हैं। इसके अलावा संकाय शोधार्थियों और छात्रों का आदान–प्रदान के साथ शैक्षणिक संसाधनों और शोध सामग्री का साझा उपयोग भी शामिल है।नालंदा विश्वविद्यालय और साउथ एशियन यूनिव. र्सिटी दोनों ही भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के




अधीन संचालित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थान हैं जो अपनी वैश्विक पहचान के लिए जाने जाते हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 4 से 6 अप्रैल 2026 तक वार्षिक अर्थशास्त्र महोत्सव 'अर्थ–नालंदा 2026' का सफल आयोजन किया गया। उद्घाटन संस्करण "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बदलता आर्थिक परिदृश्य" विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें मुख्य व्याख्यानों, वाद–विवाद प्रतियोगिताओं और विभिन्न स्पर्धाओं के माध्यम से वैश्विक आर्थिक प्रणालियों में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका पर गहन मंथन किया गया। इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित वक्ताओं की उपस्थिति रही। पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, विश्व बैंक के सलाहकार डॉ. दीपक मिश्रा, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी, इंडिया टुडे के सीनियर डिप्टी एडिटर अनिलेश महाजन और ह्यूमंटिक्स एआई के संस्थापक सिद्धार्थ शंकर मुख्य रूप से शामिल रहे। इस मंच ने शिक्षाविदों और विद्यार्थियों को आधुनिक आर्थिक विषयों पर अपने विचार साझा करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया।



# ऐतिहासिक मलमास मेला की बंदोबस्ती संजय कुमार सिंह व उनकी टीम के नाम

## 7 करोड़ 32 लाख 41 हजार की सबसे अधिक की बोली लगायी संजय कुमार सिंह ने

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ऐतिहासिक राजकीय मलमास मेला की बंदोबस्ती सोमवार को सबसे अधिक की बोली लगाने वाले पूर्व मेला ठेकेदार संजय कुमार सिंह व उनकी टीम के नाम हुई। उन्होंने सबसे अधिक 7 करोड़ 32 लाख 41 हजार रुपये की बोली लगायी। वहीं दूसरे नम्बर की बोली राकेश कुमार व अनिल कुमार और उनकी टीम की रही जिन्होंने 7 करोड़ 32 लाख 21 हजार तक ही बोली लगायी। इससे पहले भी 2023 में संजय कुमार सिंह व उनकी टीम ने ही 6 करोड़ 35 लाख की सबसे अधिक बोली बोलकर मलमास मेला की बंदोबस्ती अपने नाम की थी। वे पिछले कुछ मेला से लगातार मेला की बंदोबस्ती को अपने नाम करते आ रहे हैं। सोवमार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में कड़ी सुरक्षा के बीच प्रसिद्ध मलमास मेला की बोली शुरू हुई। सभागार में केवल अधिकृत पदा. धिकारी एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता, डीएसपी सुनील कुमार सिंह, मुख्य पार्षद जीरो देवी, उपमुख्य पार्षद मुन्नी देवी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार, वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, वार्ड पार्षद श्याम नारायण प्रसाद, वार्ड पार्षद अजय कुमार यादव एवं अन्य



के साथ–साथ डाक में बोली लगाने वाले को ही प्रवेश की अनुमति दी गई। मेला पर कब्जा जमाने की होड़ में पुराने ठेकेदार संजय कुमार सिंह के अलावा अशोक कुमार राय, प्रदीप कुमार, धनंजय कुमार की टीम भी पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरे। यह मेला 17 मई से 15 जून तक प्रस्तावित है। इस बार बंदोबस्ती के लिए 7.30 करोड़ रुपये की सुरक्षित राशि निर्धारित की गई थी। इससे डाक प्रक्रिया के और अधिक रोचक होने की संभावना जताई जा रही थी। बताया जाता है कि मेला क्षेत्र की कुल सैरात भूमि 73 एकड़ से अधिक है। लेकिन अवैध अतिक्रमण के कारण मौजूदा समय में सैरात भूमि केवल 41.51 एकड़ ही उपलब्ध है। बाकी पर अतिक्रमण है।

# ब्लड बैक तथा विद्युत शवदाह– गृह की माँग के लिये एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टू राजगीर (नालंदा)।** बिहार की ओर से राजगीर अनुमंडल के गेट पर राजगीर के तमाम बुद्धिजीवी लोगों ने राजगीर के अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैक तथा विद्युत शवदाह–गृह की माँग के लिये एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं राष्ट्रीय अध्यक्षा मनोरमा रानी जी ने कहा हमसब 2022 में डेंगू को झेल चुके हैं जिसमें बहुत सारी जानें गयी हैं. यहाँ के ला. `गों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है इसीलिए यह बेहद जरूरी है. भारत विकास मंच के राष्ट्रीय सलाहकार समिति सदस्य अशोक यादव जी ने कहा की राजगीर जैसी पावन पुनीत भूमि पर विदेश के भी लोग आते रहते हैं ऐसे में उनकी आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके दाह–संस्कार में बहुत समय लगता है जिससे बहुत समस्या हो जाती इसीलिए सुविधा के लिये यहाँ विद्युत शवदाह– गृह होना बहुत जरूरी है. प्रधान महा सचिव शोभा राजवंशी जी ने कहा की हम मातृ– शक्ति अपनी शक्ति को सही रूप से प्रयोग करेंगे तब ही समाज का उत्थान संभव है. राजगीर नगर परिषद अध्यक्षा माननीय जीरो देवी जी ने कहा की हमसब इस मुहिम में एकजुट है और कोशिश की जायेगी की जल्द से जल्द ये माँग पूरी हो सके.



इस कार्यक्रम में भारत विकास मंच की राष्ट्रीय कोषाध्यक्षा शिवानी कुमारी, संगठन के संरक्षक Dr-E-R वें,नालंदा जिला अध्यक्षा राधा कुमारी,समाज सेवी सोनू सिंह , वार्ड पार्षद अजय यादव,पूर्व वार्ड पार्षद श्याम प्रसाद जी, जिला कार्यकारी सदस्य करिश्मा कुमारी, पूजा कुमारी, श्यामा देवी, बेबी कुमारी, मालती देवी, सुहाना कुमारी, रिंकू कुमारी, राजमंती देवी, उमा देवी, मो इम्मू,निसार अहमद, इंदु कुमारी, मुस्कान कुमारी, स्नेहा रंजन, आदिति राय, खुशी राय,सोना देवी, सुहाना कुमारी,पूनम देवी, निभा देवी, आदि लोगों ने भाग लिया.

# नालंदा में साप्ताहिक समन्वय बैठक: 'स्कूल चलो अभियान' पर जोर, प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोट राजगीर (नालंदा)।** जिले में प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा को लेकर सोमवार को कुंदन कुमार (जिला पदाधिकारी, नालंदा) की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर–तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीएम ने डीपीओ आईसीडीएस एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि "स्कूल चलो अभियान" के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि ऐसे बच्चों का डाटाबेस तैयार कर एक भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे। बैठक में बिहार सरकार के 'सात निश्चय–3' के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान–जीवन आसान' (Ease of Living) के तहत आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। डीएम ने कहा कि अब प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी अपने कक्ष में उपस्थित रहकर आम लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनका त्वरित निष्पादन करेंगे। अनुप. स्थिति की स्थिति में अधिकृत पदाधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही आगंतुकों के लिए बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला जनता दरबार की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि वर्ष 2026 में प्राप्त सभी शिकायतों का शीघ्र निष्पादन कर संबंधित प्रतिवेदन को ऑनलाइन अपडेट किया जाए। भूमि विवाद से जुड़े मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर तेजी से निपटाने को कहा गया। तकनीकी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सड़क, भवन एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्यों में रैयतों से




एनओसी लेना सुनिश्चित करें तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। वहीं लघु सिंचाई विभाग को जिले के पईन एवं आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए, ताकि सिंचाई व्यवस्था सुचारु बनी रहे। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया गया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम में नल–जल योजनाओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए मोबाइल टीम (क्यूआरटी) और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जाए। डीएम ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस और ई–मापी कार्यों में तेजी लाने को कहा। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को राशन कार्ड से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने तथा खाद्यान्न वितरण समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी को राजगीर और बिहारशरीफ में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड निर्माण के लिए स्थल चयन करने को कहा गया। मद्यनिषेध विभाग को शराब विनष्टीकरण का कार्य शत–प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए गए, वहीं हिलसा में उत्पाद थाना निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए तटबंधों की मरम्मत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एक्स–रे मशीनों को पूर्णतः क्रियाशील रखने तथा खराब उपकरणों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया। गर्मी के मौसम में संभावित अगलगी की घटनाओं को लेकर डीएम ने अग्निशमन दस्ता को अलर्ट मोड में रखने, व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि विभाग को अगलगी से हुई फसल क्षति का आकलन कर शीघ्र मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उप. स्थित रहे, जबकि प्रखंड स्तर के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

# नालंदा में अगलगी से बचाव को लेकर अलर्ट

## डीएम ने की उच्चस्तरीय समीक्षा, जारी किए दिशा–निर्देश




**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में भीषण गर्मी और पछुआ हवा के मद्देनजर संभावित अगलगी की घटनाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सोमवार को कुंदन कुमार (जिला पदाधिकारी, नालंदा) की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अगलगी से निपटने की तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अलर्ट मोड में रहें तथा अग्निशमन दल को 24×7 सक्रिय रखें। साथ ही नियमित रूप से मॉक ड्रिल और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को विशेष निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि लूज तार और शॉर्ट सर्किट से खेत–खलिहानों में आग लगने की घटनाएं हो सकती हैं, इसलिए सभी खराब तारों को अविलंब दुरुस्त किया जाए। उन्होंने अगलगी से प्रभावित किसानों की फसल क्षति का आकलन कर आपदा प्रबंधन के तहत शीघ्र मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। प्रशासन ने चेताया कि गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही पछुआ हवा चल रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की संभावना काफी बढ़ गई है। ऐसे में थोड़ी सी सावधानी से बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है।जिला प्रशासन ने आम लोगों के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी करते हुए भोजन समय से पहले बनाने, खेतों में आग नहीं लगाने, चूल्हे की आग पूरी तरह बुझाने, बिजली वायरिंग की नियमित जांच कराने और ज्वलनशील वस्तुओं से सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही मवेशियों की सुरक्षा, पानी और बालू की व्यवस्था रखने तथा तेज हवा में खाना बनाने से बचने की सलाह दी गई है। भवनों में आग लगने की स्थिति में तुरंत बाहर निकलने, लिफ्ट का उपयोग नहीं करने, सीढ़ियों का प्रयोग करने, दरवाजों को बंद करते हुए निकलने और धुएं की स्थिति में झुककर बाहर आने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। इसके अलावा, तेल या बिजली से लगी आग पर पानी नहीं डालने और घबराहट से बचने की भी अपील की गई है। किसी भी आपात स्थिति में अग्निशमन सेवा के नंबर 101 और 112 पर तत्काल सूचना देने के साथ–साथ स्थानीय फायर स्टेशन और जिला आपातकालीन संचालन केंद्र से संपर्क करने को कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आग से बचाव के लिए जनसहभागिता बेहद जरूरी है और समय रहते सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।

# गुरु के बिना जीवन अधूरा, आत्मज्ञान के लिए सत्संग आवश्यक– संत पंकज जी महाराज

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट मखदूमपुर (जहानाबाद)** हमारे जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है। बिना गुरु के भौतिक जगत के कार्य भी अधूरे रह जाते हैं। गुरु के बिना न विद्या संभव है, न व्यवहार का ज्ञान और न ही आत्मा–परमात्मा का बोधकृयह विचार संत पंकज जी महाराज ने सागरपुर में आयोजित सत्संग के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महात्माओं की वाणी में स्पष्ट हैकृ "गुरु बिन माला फेरते, गुरु बिन देते दान। गुरु बिन दान हराम है, जा पूछो वेद पुरान।" गुरु तीन प्रकार के होते हैं। पहले गुरु माता–पिता होते हैं, जो हमें जन्म देते हैं। दूसरे वे गुरु हैं, जो हमें शिक्षा देकर जी. विकोपार्जन का मार्ग दिखाते हैं। तीसरे और सर्वा. `च्च गुरु वे होते हैं, जो आत्मा–परमात्मा के गूढ़ रहस्यों का ज्ञान कराकर साधना के माध्यम से आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। संत पंकज जी महाराज ने कहा कि परमात्मा का साक्षात्कार जीवन में ही संभव है, मृत्यु के बाद नहीं। इसके लिए कलयुग की सरल साधना 'सुरत शब्द योग मार्ग' को अपनाना आवश्यक है, जिसका भेद संतों ने बताया है। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर के भीतर ही निरंतर दिव्य ध्वनि होती रहती है, जिसे साधना के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उनके गुरु, परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने इसी ज्ञान का प्रसार कर देश के करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया। वे स्वयं भी उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए जनजागरण का कार्य कर रहे हैं। सागरपुर में यह उनका 30वां पड़ाव था। सत्संग के दौरान उन्होंने शाकाहार को श्रेष्ठ आहार बताते हुए कहा कि इससे शरीर में शुद्ध रक्त का संचार होता है, बुद्धि निर्मल रहती है और मन शांत रहता है। उन्होंने लोगों से नशे का त्याग कर शाकाहारी जीवन अपनाने की अपील की।इस अवसर पर उन्होंने आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संदीप साहू, आयोजक कारू साव, रायबरेली संगत के सतीश सिंह, संत शरण 'राजा', बंशबहादुर सिंह, हरिकेश बहादुर सिंह, सत्रोहन मौर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के बाद जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव ग्राम पंडुई (थाना परसबिगहा, जिला जहानाबाद) के लिए रवाना हो गई, जहां आज पूर्वाह्न 11:30 बजे से सत्संग का आयोजन किया जाएगा।



# जदयू नगर जिला अध्यक्ष बनने पर प्रदुमन कुमार का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित

**केशववाणी रजनीश की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिला तैलिक वैश्य महासभा (सोहसराय इकाई) की ओर से प्रदुमन कुमार के जदयू नगर जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बिहारशरीफ स्थित राज पैलेस में संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, संगठन के पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता हरिवंश प्रसाद ने की, जबकि मंच संचालन शिक्षक अमित कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें प्रदुमन कुमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि वे एक सक्रिय, कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता हैं, जिनके नेतृत्व में संगठन और पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। अपने संबोधन में प्रदुमन कुमार ने नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जदयू की विचारधारा और मुख्यमंत्री के विकास मॉडल को जन–जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय मह. ासचिव इंजीनियर सुनील कुमार सहित सभी वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों और एमएलसी के मार्गदर्शन में संगठन को और सशक्त बनाने का भरोसा दिलाया।




उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज और पार्टी की सेवा का अवसर है। वे पार्टी के दिशा–निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने तैलिक वैश्य समाज के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनका सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया।समारोह में वक्ताओं ने जदयू की नीतियों और समाजसेवा के क्षेत्र में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जदयू सरकार के नेतृत्व में बिहार में विकास और सुशासन की नई मिसाल कायम हुई है। समाज के उत्थान में सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका को भी रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के सदस्य ऋतिक, मोनी कुमार, अजय शिक्षक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने प्रदुमन कुमार को शुभकामनाएं दीं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन धनंजय कुमार ने किया। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर संगठन और पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# विम्स में 'न्यूक्लियस–26'– पहले दिन पेंटिंग प्रतियोगिता में दिखी कल्पनाओं की उड़ान



**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स) में आयोजित 'न्यूक्लियस–26' के तहत 'अन्वेषण' कार्यक्रम के पहले दिन पेंटिंग प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। रंगों और रचनात्मकता के संगम ने पूरे परिसर को जीवंत बना दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने कैनवास पर अपनी कल्पनाओं को खूबसूरती से उकेरा। किसी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, तो किसी ने सामाजिक मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कई प्रतिभागियों ने चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विषयों को भी रचनात्मक अंदाज में दर्शाया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों की कल्पनाशीलता, रंगों का संतुलन और विषयों की गहराई स्पष्ट रूप से नजर आई। हर पेंटिंग अपने आप में एक कहानी बयां करती दिखी। आयोजन स्थल पर लगी चित्रों की प्रदर्शनी ने दर्शकों को खासा आकर्षित किया। इसके साथ ही क्रिएटिव राइ. टिंग एंड क्रिटिकल थिंकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, लेकिन पेंटिंग प्रतियोगिता ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति और प्रभावशाली संदेशों के कारण सबसे अधिक सराहना बटोरी। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहा।विम्स के प्राचार्य डॉ. सर्विल कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व विकास, तार्किक क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रम न केवल उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ते हैं। आगामी दिनों में वाद–विवाद, पोस्टर प्रेजेंटेशन, रोल प्ले और स्किट जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां छात्र अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मेडिकल छात्र ऋषभ कुमार और विक्रम पटेल सहित अन्य प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें नई सीख मिलती है और अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्राप्त होता है। इस अवसर पर नवनीत कुमार, आदित्य नारायण, आकांक्षा, सुरुचि कुमारी, भव्या कुमारी, राहुल राज, शालिनी सहित कई एमबीबीएस विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# नालंदा न्याय मंडल का औचक निरीक्षण, न्यायमूर्ति राजीव राय ने दिए अहम निर्देश

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह नालंदा के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव राय ने बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हा. ने न्यायालय परिसर की साफ–सफाई, कार्यालय व्यवस्था और न्यायिक कार्यों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के क्रम में न्यायमूर्ति ने विभिन्न न्यायालय कक्षों, अभिलेखागार, वाद प्रबंधन प्रणाली और लंबित मामलों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पारदर्शिता के साथ त्वरित न्याय सुनिश्चित करने और कार्य प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के बाद नालंदा जिला अधिवक्ता संघ परिसर में न्यायमूर्ति का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह, सचिव दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति राजीव राय ने नालंदा की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए अधिवक्ताओं के साथ संवाद को सुखद अनुभव बताया।



उन्होंने कहा कि नालंदा न्याय मंडल में बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय राज्य के लिए एक आदर्श है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि न्यायाधीश बनने से पहले वे स्वयं अधिवक्ता रहे हैं, इसलिए अधिवक्ताओं की समस्याओं को भली–भांति समझते हैं। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में पार्किंग व्यवस्था, अधिवक्ता संघ भवन से न्यायालय तक शेड निर्माण तथा किशोर न्याय परिषद को व्यवहार न्यायालय परिसर में संचालित करने जैसी मांगें रखीं। न्यायमूर्ति ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा समेत सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।

# नालंदा में फल विक्रेता की पिटाई, नारियल से हमला कर सिर फोड़ा; अस्पताल में भर्ती



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले के बिहार थाना क्षेत्र स्थित खंदकपर इलाके में उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब कुछ बदमाशों ने एक फल विक्रेता की जमकर पिटाई कर दी। घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, फल खरीदारी को लेकर दुकानदार और कुछ युवकों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि बदमाशों ने गुस्से में आकर दुकानदार पर हमला कर दिया और नारियल से वार कर उसका सिर फोड़ दिया।घायल दुकानदार की पहचान पलटपुरा निवासी मोहम्मद रजा के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घायल को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र में आंख की जांच के बाद बंटेगा फ्री में चश्मा

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ इस्लामपुर हिलसा नालन्दा शहर के अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र में सोमवार 30 मार्च से नवाचारी पहल के तहत एक माह तक चलने वाला विशेष नेत्र जांच व निशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया जा रहा है. यह शिविर सक्षम सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के संयुक्त अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।इसका उद्देश्य हिलसा अनुमंडल के दृष्टि दोष से ग्रसित लोगों को बेहतर नेत्र जांच सुविधा उपलब्ध कराना और जरूरतमंदों को मुफ्त चश्मा प्रदान करना है.बुनियाद केन्द्र के प्रबंधक सुशांत डे ने यह जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत सभी आयु वर्ग के लाभुओं की आंखों की जांच एवं स्क्री. निंग की जा रही है।जांच के बाद आवश्यकता अनुसार लाभार्थियों को तीन प्रकार के चश्मे एक सिंगल विजन ग्लासेस, दूसरा प्लेनो बाईफोकल ग्लासेस और तीसरा प्रिस्क्रिप्शन आरएक्स ग्लासेस निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे.शिविर में भाग लेने के लिए लाभार्थियों को केवल आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है. उन्होंने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस स्पेशल ड्राइव के दौरान करीब 1200 चश्मा वितरण का लक्ष्य



निर्धारित किया गया है. प्रतिदिन औसतन 40 से 60 लाभुकों को इसका लाभ देने की योजना बनाई गई है. केंद्र प्रबंधक सुशांत डे ने जीविका दीदियों, विकास मित्रों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अपने–अपने क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को इस शिविर से जोड़कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने में सहयोग करें. इस अभियान को सफल बनाने में बुनियाद केंद्र के कर्मियों, एडमिन सह अकाउंट असिस्टेंट ममता कुमारी, ऑडियोलॉजिस्ट रविकेश कुमार,फिजियोथेरेपिस्ट आदित्य कुमार,स्पीच एवं हियरिंग टेक्नीशियनसुप्रिया रानी, तथा मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर अंजनी कुमारी,केयर गिवर अर्चना कुमारी जोरशोर से लगी हैं.यह पहल इस्लामपुर और हिलसा अनुमंडल क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित होने है।







